प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 292 सीटें जीतकर हासिल किया पूर्ण बहुमत : 240 सीटों के साथ भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी।
2. प्रदेश की 80 सीटों में से इंडिया ब्लॉक ने 43 सीट और एनडीए ने 36 सीटें जीतीं : मुलायम परिवार के पांचों सदस्य विजयी : 25 सीटों पर भाजपा ने लगाई जीत की हैट्रिक।
3. परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज : प्रधानमंत्री आवास पर एनडीए की बैठक में घटक दलों ने सौंपा समर्थन पत्र : इंडिया ब्लॉक भी मंथन में जुटा।

और

4. विश्व पर्यावरण दिवस पर आज प्रदेशभर में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पौधारोपण कर लोगों से की पर्यावरण संरक्षण की अपील।

———————

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 292 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। सभी 543 लोकसभा सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। भाजपा ने अकेले 240 सीटें जीती हैं। तेलुगु देशम को 16 और जनता दल यूनाईटेड को 12 सीटें मिली

हैं। आई.एन डी.आई ए गठबंधन को 233 सीटें मिली हैं। अन्य के खाते में 18 सीटें गयी हैं। कांग्रेस ने 99 सीटें हासिल की है, जबकि समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिलीं और तृणमूल कांग्रस को 29, डीएमके 22 सीटें जीतने में कामयाब रही।

जीतने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में वाराणसी से प्रधानमंत्री और भाजपा नेता नरेंद्र मोदी, गांधीनगर से केंद्रीय मंत्री अमित शाह, कोटा से ओम बिड़ला, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल, जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत, गुना से भाजपा नेता ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, रायबरेली से राहुल गांधी, कन्नौज से अखिलेश यादव, मैनपुरी सीट से डिंपल यादव और आसनसोल से टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा शामिल हैं। हारने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में खूंटी से भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अमेठी से स्मृति ईरानी, बारामूला स नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला और अनंतनाग सीट से पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती शामिल हैं।

बिहार की 40 लोकसभा सीटों में भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) ने 12–12 सीटें जीती हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पांच सीटें, राष्ट्रीय जनता दल ने चार सीटें, कांग्रेस ने तीन और सीपीआईएम–माले ने दो सीटों पर जीत हासिल की है।

मध्य प्रदेश में भाजपा ने सभी 29 सीटों और हिमाचल प्रदेश में चारों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। उत्तराखंड में भाजपा ने राज्य की सभी पांच लोकसभा सीटों पर जीत हासिल कर ली है। राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों में से 14 भाजपा और 8 सीटें कांग्रेस के पक्ष में गई हैं। सीपीआई (एम), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी ने एक–एक सीट पर जीत दर्ज की है।

महाराष्ट्र की 48 सीटों में से भाजपा ने 9 सीटें जीती हैं। कांग्रेस ने 13 सीटें हासिल कीं, शिवसेना– उद्धव ने 9, शिवसेना– एसएचएस ने 7, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी – पवार ने 8 सीटें जीतीं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और निर्दलीय को एक–एक सीट पर विजय प्राप्त हुई।

———————

प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से समाजवादी पार्टी में सर्वाधिक 37 सीटों पर जीत हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी को 33 सीटें और कांग्रेस को 6 सीटें मिली हैं। इसी प्रकार लोकदल को 2, अपना दल को एक और आजाद समाज पार्टी काशीराम को एक सीट प्राप्त हुई है।

वाराणसी लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय को डेढ़ लाख से अधिक मतों से पराजित किया है। कन्नौज लोकसभा सोट पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा के सुब्रत पाठक को 1 लाख 70 हजार से अधिक

मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। इसी प्रकार रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से 3 लाख 90 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। इस चुनाव में सपा प्रमुख समेत मुलायम परिवार के पांचों सदस्य जीत हासिल करने में कामयाब हुए हैं। इनमें कन्नौज से अखिलेश यादव के अलावा मैनपुरी से डिम्पल यादव, आजमगढ़, से धर्मेन्द्र यादव, बदायूं से आदित्य यादव आर फिरोजाबाद से अक्षय यादव जीत हासिल की है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने जो विश्वास प्रकट किया है, हम उस भरोसे को पूरे दायित्व के साथ कायम रखेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं नें साबित कर दिया है कि जनता की शक्ति से बड़ा कोई नहीं होता है। बसपा इस चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी है। बसपा प्रमुख मायावती ने परिणामों के बाद बयान जारी कर कहा कि पार्टी पूरी गंभीरता के साथ हर स्तर पर पार्टी हित में जो भी जरूरी होगा, उसको लेकर ठोस कदम उठाएगी।

पश्चिमी यूपी की नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर जीते हैं। इस चुनाव में भाजपा के कई केन्द्रीय मंत्रियों को प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा है। पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट.........

*परिवर्तन की आंधी मे कई केंद्रीय मंत्रियों ने अपनी सीटें खो दीं, जिनमें मोहनलालगंज से कौशल किशोर, चंदौली से महेंद्र नाथ पांडे, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शामिल हैं, जो एक लाख से अधिक वोटों से अमेठी लोकसभा सीट हार गईं। चुनाव लड़ने वाले मुलायम सिंह यादव परिवार के सभी पांच सदस्य अपनी सीटें जीतने में कामयाब रहे। डिंपल यादव ने बीजेपी के प्रत्याशी और वर्तमान योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह को हराया वहीं उनके पति और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को मात दी। फैजाबाद के नतीजे भी भाजपा के लिए चौंकाने वाले रहे जहां समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने बीजेपी उम्मीदवार लल्लू सिंह को हरा दिया, तो वहीं मेरठ में सिनेमा के राम अरुण गोविल बड़ी मुश्किल से जीत हासिल कर सके। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह विभाजन की नकारात्मक राजनीति के खिलाफ सद्भाव, भाईचारे और सकारात्मक राजनीति की जीत है। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

———————

**18वीं लोकसभा के चुनाव में भाजपा ने 33 सीटें जीती हैं। इनमें से 25 सीटें ऐसी हैं, जिस पर पार्टी ने हैट्रिक लगाई है। वहीं पांच सीटों पर लगातार चौथी बार जीती है। लखनऊ सीट पर भाजपा ने लगातार 9वीं बार जीत दर्ज की है। वहीं 2018 के उपचुनाव को छोड़ दें तो गोरखपुर में भाजपा लगातार सातवीं बार जीती है। इस बार के चुनाव में भाजपा ने जिन 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाई है। उनमें गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फतेहपुर सीकरी, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, कानपुर, अकबरपुर,**

झांसी, फूलपुर, बहराइच, कैसरगंज, गोंडा, डुमरियागंज, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, वाराणसी और भदोही शामिल हैं। प्रदेश की पांच सीटों– मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, पीलीभीत और बांसगांव में भाजपा ने लगातार चौथी जीत दर्ज की है।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज आॅन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

सात महिला सांसद लोकसभा में इस बार उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस बार सपा से सर्वाधिक पांच महिला सांसद चुनी गई हैं। इसके अलावा भाजपा और अपना दल से एक–एक महिला सांसद विजयी हुई हैं। सपा के टिकट पर जीत हासिल करने वाली सांसदों में मैनपुरी से डिम्पल यादव, बांदा से कृष्णा पटेल, मछलीशहर से प्रिया

सरोज, मुरादाबाद से रुचि वीरा और कैराना से इकरा हसन शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा से मथुरा में हेमा मालिनी, मिर्जापुर से अपना दल सोनेलाल की अनुप्रिया पटेल ने जीत हासिल की है।

—————————

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा दिया। राष्ट्रपति ने इस्तीफे को स्वीकार कर, नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद को नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक में राष्ट्रपति से 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश करने का निर्णय किया गया। प्रक्रिया के अनुसार, चुनाव आयोग एक–दो दिन में राष्ट्रपति को लोकसभा चुनावों के परिणामों की अंतिम सूची के साथ चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने की सूचना भेजेगा, जिसके साथ ही नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी।

एनडीए के घटक दलों के साथ आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निवास पर बैठक हुई। बैठक के दौरान श्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार नई सरकार के गठन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

तेलुगूदेसम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू,जनता दल युनाइटेड प्रमुख, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान के साथ ही एनडीए के घटक दलों के नेता बैठक में मौजूद रहे। बैठक में एनडीए घटक दलों ने अपना समर्थन पत्र सौंप दिया है। इसके साथ ही एनडीए के नेताओं ने सर्व सम्मिति से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुना है। वहीं इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने भी आज दिल्ली में बैठक कर आगे की रणनीति पर मंथन किया।

—————————

आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण के मुद्दे पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर पौधरोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान की शुरुआत की।

विश्‍व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में कई जगहों पर पौधारोपण कार्यक्रम के साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्‍न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पौधारोपण कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

(समाप्त)